# प्रश्न बैंक

# QUESTION BANK

## कक्षा–12

## विषय – भूगोल

भूगोल
खण्ड – अ
( Section- A )

1. भौतिक पर्यावरण एवं सांस्कृतिक पयार्वरण के बीच सम्बन्धों का अध्ययन कौनसा भूगोल करता है–
(अ) भौतिक भूगोल (ब) मानव भूगोल
(स) जलवायु विज्ञान (द) कृषि भूगोल
2. आधुनिक मानव भूगोल के जन्मदाता फ्रैडरिक रेटजेल किस देश के थे–
(अ) फ्रांस (ब) अमेरिका (स) जर्मनी (द) रूस
3. '' मानव भूगोल चंचल मानव और अस्थाई पृथ्वी के पारस्परिक परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है'' परिभाषा किसने दी–
(अ) ब्लाश (ब) रेटजेल (स) एलन सैम्पल (द) हटिंगटन
4. मानव भूगोल के अध्ययन क्षेत्र को भौतिक दशाएं तथा मानवीय अनुक्रिया में किसने बांटा–
(अ) हंटिंगटन (ब) डिकेन और पिटस
(स) जीन ब्रुश (द) रेटजेल
5. '' रूको और जाओ '' नाम से कौनसी विचाराधारा जानी जाती है–
(अ) नियतिवादी (ब) संभववादी
(स) नव–नियतिवादी (द) अतिवादी
6. संभववाद की नींव किसने रखी–
(अ) रेटजेल (ब) ब्लाश
(स) एलन सेम्पुल (द) ग्रिफथ टेलर
7. निम्न में से जर्मनी के भूगोलवेता नहीं है–
(अ) हम्बोलट (ब) रिटर (स) रेटजेल (द) ब्लांश
8. जनजातियां निवास करती है–
(अ) घने जंगलों में (ब) मरूस्थलों में
(स) दुर्गम पहाडी क्षेत्रों में (द) उपर्युक्त सभी
9. निम्न में से भारत में निवास करने वाली जनजाति नहीं है–
(अ) भील (ब) गौंड (स) मीणा (द) बुशमैन
10. आर्कटिक व टुण्ड्रा प्रदेशों में निवास करने वाली जनजाति है–
(अ) एस्किमो (ब) बुशमैन (स) पिग्मी (द) सेमांग
11. एस्किमो द्वारा किए जाने वाले बंसतकालीन आखेट को क्या कहते है–
(अ) माउपाक (ब) इतुरपाक (स) उत्तोक (द) हारफून
12. बुशमैन जनजाति के लोगों के अल्पकालीन गांव कहलाते हैं–
(अ) वेर्फ (ब) त्यामा (स) इग्लू (द) क्रोस
13. राजस्थान के किस जिले में भील जनजाति का केन्द्रीकरण नहीं है–
(अ) उदयपुर (ब) डूंगरपुर (स) बांसवाडा (द) जयपुर
14. भील जनजाति का प्रमुख नृत्य नहीं है–
(अ) गवरी (ब) घूमर (स) भंगडा (द) गैर
15. किस जनजाति की महिलाएं शरीर पर गोदना गुदवाती है–
(अ) भील (ब) सहरिया (स) गौंड (द) डामोर
16. कौनसी जनजाति शतुरमुर्ग के अण्डों का उपयोग जल रखने व आभूषण बनाने में करती है–
(अ) एस्किमो (ब) बुशमैन (स) भील (द) गौड
17. भील जनजाति का प्रमुख बेणेश्वर मेला कब लगता है–
(अ) जनवरी–फरवरी में (ब) मार्च–अप्रेल में
(स) मई–जून में (द) अक्टूबर–नवम्बर में
18. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप है–
(अ) एशिया (ब) यूरोप (स) अफ्रीका (द) अण्टार्कटिका
19. विश्व में किस देश की जनसंख्या भारत की जनसंख्या से अधिक है–

(अ) चीन (ब) ब्राजील (स) रूस (द) जापान

20. 2015 में विश्व का जनसंख्या घनत्व था– (व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. में )
(अ) 47 (ब) 16 (स) 100 (द) 160

21. किस देश का जनसंख्या घनत्व भारत से अधिक है–
(अ) चीन (ब) बांग्लादेश (स) ब्राजील (द) रूस

22. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत के अनुसार भारत किस अवस्था से गुजर रहा है–
(अ) प्रथम अवस्था (ब) द्वितीय अवस्था
(स) तृतीय अवस्था (द) चतुर्थ अवस्था

23. विश्व जनसंख्या की लगभग कितने प्रतिशत आबादी युवा है–
(अ) 20 प्रतिशत (ब) 35 प्रतिशत
(स) 50 प्रतिशत (द) 60 प्रतिशत

24. निम्न में से किस देश में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है–
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान (स) बांग्लादेश (द) जापान

25. निम्न में से शत–प्रतिशत साक्षरता वाला देश नहीं है–
(अ) जापान (ब) आस्ट्रेलिया (स) नार्वे (द) भारत

26. निम्न में से किस आयु वर्ग को कार्यशील जनसंख्या में शाामिल किया जाता है–
(अ) 15–64 वर्ष तक (ब) 21 – 60 वर्ष तक
(स) 21 – 64 वर्ष तक (द) 65 वर्ष से अधिक

27. सन्ननगर शब्दावली का प्रयोग सबसे पहले किसने किया–
(अ) पैट्रिक गिडिज (ब) ग्रिफथ टेलर
(स) जीन ब्रुश (द) हेकेटियस

28. वृहत नगर की जनसंख्या होती है–
(अ) 10 लाख से अधिक (ब) 20 लाख से अधिक
(स) 50 लाख से अधिक (द) 5 लाख से अधिक

29. निम्न में से वृहत नगर है–
(अ) न्यूयार्क (ब) टोकियो (स) मुम्बई (द) उपर्युक्त सभी

30. वृहत नगर का सर्वप्रथम उपयोग किया–
(अ) पैट्रिक गिडिज (ब) जीन गोटमेन
(स) इरोटस्थनीज (द) ब्लाश

31. भारत में नगरीय क्षेत्र होने के लिए न्यूनतम जनसंख्या होनी चाहिए–
(अ) 1000 से ऊपर (ब) 5000 से ऊपर
(स) 10000 से ऊपर (द) 50000 से ऊपर

32. झील के किनारे–किनारे विकसित अधिवास का प्रतिरूप है–
(अ) रेखीय प्रतिरूप (ब) तीर प्रतिरूप
(स) वृताकार प्रतिरूप (द) पंखानुमा

33. निम्न में से प्राथमिक व्यवसाय नहीं है–
(अ) कृषि (ब) खनन (स) पशुपालन (द) भवन निर्माण

34. निम्न में से तृतीयक व्यवसाय नहीं है–
(अ) परिवहन (ब) संचार
(स) व्यापार (द) गन्ने से चीनी निर्माण

35. विनिर्माण उद्योग किस प्रकार का व्यवसाय है–
(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक (स) तृतीयक (द) चतुर्थक

36. उष्णकटिबन्धीय घास के मैदानों को ब्राजील में कहते हैं–
(अ) कम्पास (ब) पम्पास (स) लानोस (द) सवाना

37. निम्न में से शितोषण कटिबन्धीय घास का मैदान है–
(अ) कम्पास (ब) पम्पास (स) लानोस (द) सवाना

38. ट्रक कृषि की शुरूआत हुई–
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान (स) जापान (द) USA

39. किस देश में कहवा के बगानों को ''फैजेण्डा'' कहते हैं–

(अ) ब्राजील (ब) जापान (स) चीन (द) USA

40. निम्न में से उष्णकटिबन्धीय वृक्ष है–
(अ) साल (ब) सागौन (स) चंदन (द) उपर्युक्त सभी

41. निम्न में से रोपण फसल नहीं है–
(अ) चावल (ब) गन्ना (स) गेहूं (द) चाय

42. निम्न में से किस देश में वाणिज्यिक पशुपालन नहीं किया जाता है–
(अ) न्यूजीलैण्ड (ब) आस्ट्रेलिया (स) USA (द) भारत

43. स्थानांतरित कृषि को वियतनाम में कहा जाता है–
(अ) मिल्पा (ब) लदाग (स) रे (द) झूमिंग

44. निम्न में ईंधन खनिज नहीं है–
(अ) कोयला (ब) गैस (स) सोना (द) पेट्रोलियम

45. मानव के प्राथमिक व्यवसायों को निर्धारित करते हैं–
(अ) मानवीय तत्व (ब) प्राकृतिक तत्व
(स) आर्थिक तत्व (द) राजनीतिक तत्व

46. निम्न में से कौनसा कृषि आधारित उद्योग नहीं है–
(अ) सूती वस्त्र उद्योग (ब) रबड उद्योग
(स) सीमेन्ट उद्योग (द) वनस्पति उद्योग

47. वनोत्पाद आधारित उद्योग है–
(अ) चमडा उद्योग (ब) चीनी उद्योग
(स) कागज उद्योग (द) एल्यूमिनियम उद्योग

48. निम्न में से कौनसा चीन का प्रमुख लौह–इस्पात उत्पादन क्षेत्र है–
(अ) नागासाकी–यवाता (ब) मंचूरिया
(स) यूराल (द) पिट्सबर्ग

49. भारत का लौह–इस्पात केन्द्र है–
(अ) राउरकेला (ब) पिटसबर्ग (स) यूराल (द) नागासाकी

50. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाला कारक है
(अ) कच्चा माल (ब) शक्ति के साधन
(स) बाजार (द) उपर्युक्त सभी

51. निम्न में से खनिज आधारित उद्योग नहीं है–
(अ) संगमरमर (ब) लौह इस्पात
(स) कागज उद्योग (द) ग्रेनाइट

52. निम्न मे से पशु आधारित उद्योग है–
(अ) लाख उद्योग (ब) बांस उद्योग
(स) चीनी उद्योग (द) चमड़ा उद्योग

53. लौह इस्पात उद्योग है–
(अ) कुटीर उद्योग (ब) लघु उद्योग
(स) बडे पैमाने का उद्योग (द) फुटलुज उद्योग

54. निम्न में से किस उद्योग को आधाारभूत उद्योग कहते है
(अ) लौह इस्पात उद्योग को (ब) चीनी उद्योग
(स) वस्त्र उद्योग (द) इन्जीनियरिंग उद्योग

55. विश्व में सबसे ज्यादा इस्पात उत्पादक देश है–
(अ) भारत (ब) USA (स) चीन (द) जापान

56. ''वुहान'' इस्पात क्षेत्र स्थित है–
(अ) जापान (ब) चीन (स) USA (द) रूस

57. निम्न में से कौनसा देश विश्व का प्रमुख इस्पात उत्पादक देश है–
(अ) मिस्त्र (ब) इटली (स) रूस (द) तुर्की

58. सूती वस्त्र उत्पादन में प्रथम स्थान है–
(अ) चीन का (ब) भारत का
(स) रूस का (द) जापान का

59. कोयों का उत्पादन सम्बन्धित है–
(अ) रेशम से (ब) गन्ने से
(स) कपास से (द) इस्पात से

60. रेशम का कीट पाला जाता है–
(अ) शहतूत के पत्तों पर (ब) नीम के पत्तों पर
(स) पीपल के पत्तों पर (द) कपास के पत्तों पर

61. विश्व में सबसे अधिक कच्चा रेशम उत्पादन करने वाला देश है–
(अ) भारत (ब) चीन (स) रूस (द) जापान

62. भारत में मुख्य सूत्री वस्त्र उद्योग केन्द्र है–
(अ) मुम्बई (ब) जम्मू (स) राउरकेला (द) जमशेदपुर

63. जूट से बनी वस्तुओं का मुख्य निर्यातक देश है–
(अ) श्रीलंका (ब) पाकिस्तान (स) नेपाल (द) बांग्लादेश

64. वायुमण्डल में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली गैस है–
(अ) नाइट्रोजन (ब) ऑक्सीजन
(स) आर्गन (द) कार्बन डाइऑक्साइड

65. ध्वनि तीव्रता की मापन इकाई है–
(अ) नॉट (ब) डेसीबल (स) रिएक्टर (द) मीटर/सैकण्ड

66. निम्न में से कितने डेसीबल की ध्वनि, ध्वनि प्रदूषण के अंतर्गत आती है–
(अ) 50 डेसीबल (ब) 70 डेसीबल
(स) 20 डेसीबल (द) 120 डेसीबल

67. अम्लीय वर्षा में किन आयनों का स्तर ऊंचा हो जाता है–
(अ) हाइड्रोजन (ब) नाइट्रोजन
(स) ऑक्सीजन (द) सल्फर

68. pH का तटस्थ मान होता है–
(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 8

69. अम्लीय वर्षा के लिए उत्तरदायी गैस है–
(अ) $CO_2$ (ब) $SO_2$ (स) $NO_2$ (द) उपर्युक्त सभी

70. निम्न में किस pH मान का जल अम्लीय होगा–
(अ) 5 (ब) 7 (स) 8 (द) 10

71. संगमरमर से बनी इमारतें सर्वाधिक प्रभावित होती है–
(अ) जल प्रदूषण से (ब) ध्वनि प्रदूषण से
(स) ओजोन क्षरण से (द) अम्लीय वर्षा से

72. चूने का उपयोग किया जाता है–
(अ) अम्लता कम करने के लिए
(ब) अम्लता बढाने के लिए
(स) लवणता बढाने के लिए (द) क्षारीयता घटाने में

73. निम्न में से हरित गृह प्रभाव के लिए उत्तरदायी है–
(अ) $CO_2$ (ब) मिथेन (स) जलवाष्प (द) उपर्युक्त सभी

74. हरित गृह प्रभाव के लिए सर्वाधिक उत्तरदीय गैस है–
(अ) आक्सीजन (ब) $CO_2$ (स) आर्गन (द) ब्यूटेन

75. विश्व में सबसे अधिक प्रदूषण करने वाला देश है–
(अ) चीन (ब) भारत (स) रूस (द) जापान

76. आजोन गैस पाई जाती है–
(अ) 30–80 किमी. ऊंचाई पर
(ब) 10–20 किमी. ऊंचाई पर
(स) 80–100 किमी. ऊंचाई पर
(द) 100–200 किमी. ऊंचाई पर

77. पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है–
(अ) ओजोन गैस (ब) ऑक्सीजन गैस
(स) कार्बनडाइऑक्साइड गैस (द) नाइट्रोजन गैस

78. निम्न में से ओजोन गैस को दर्शाते हैं–
(अ) O से (ब) $O_2$ से (स) $O_3$ से (द) $O_4$ से

79. ओजोन गैस के विनाश के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी गैस है–
(अ) क्लोरीन (ब) ब्रोमीन
(स) सीएफसी (द) उपर्युक्त सभी

80. ओजोन परत के क्षरण से होगा–
(अ) कैंसर (ब) मोतियाबिन्द
(स) बाढ आना (द) उपर्युक्त सभी

81. अंतर्राष्ट्रीय आजोन परत सुरक्षा दिवस मनाया जाता है–
(अ) 16 सितम्बर को (ब) 16 नवम्बर को
(स) 16 दिसम्बर को (द) 14 जनवरी को

82. अम्लीय वर्षा का सूत्र है–
(अ) $H_2SO_4$ (ब) $NO_2+SO_4$ (स) $H_2O_2$ (द) $HNO_3+SO$

83. निम्न में से पर्यावरण की समस्या है–
(अ) अम्लीय वर्षा (ब) हरित गृह प्रभाव
(स) ओजोन परत क्षरण (द) उपर्युक्त सभी

84. विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है–
(अ) 5 जून को (ब) 5 अगस्त को
(स) 5 दिसम्बर को (द) 21 मार्च को

85. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है–
(अ) पश्चिम बंगाल (ब) महाराष्ट्र
(स) उत्तर प्रदेश (द) बिहार

86. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व पाया जाता है–
(अ) पश्चिम बंगाल (ब) केरल
(स) बिहार (द) उत्तर प्रदेश

87. भारत में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या प्रतिशत वाला राज्य है–
(अ) मिजोरम (ब) केरल
(स) हिमाचल प्रदेश (द) महाराष्ट्र

88. भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य है–
(अ) केरल (ब) राजस्थान (स) गोवा (द) गुजरात

89. भारत में सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य है–
(अ) केरल (ब) मिजोरम (स) तमिलनाडु (द) गोवा

90. राजस्थान में सर्वाधिक सिंचाई होती है–
(अ) वर्षा से (ब) कुएं व नलकूप से
(स) नहरों से (द) तालाबों से

91. इंदिरा गांधी नहर की लम्बाई है–
(अ) 649 किमी. (ब) 549 किमी.
(स) 749 किमी. (द) 849 किमी.

92. कौनसा बांध चम्बल परियोजना के अंतर्गत नहीं है
(अ) जवाहर सागर बांध (ब) फतहसागर बांध
(स) गांधी सागर बांध (द) राणा प्रताप सागर बांध

93. माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान के साथ किस राज्य की संयुक्त परियोजना है–
(अ) गुजरात (ब) पंजाब (स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश

94. भारत में सर्वाधिक खनिज भंडार पाए जाते है–
(अ) राजस्थान में (ब) झारखण्ड में
(स) बिहार में (द) कर्नाटक में

95. भारत में सर्वाधिक जिप्सम पाया जाता है–
(अ) झारखण्ड में (ब) राजस्थान में
(स) महाराष्ट्र में (द) बिहार में

96. राजस्थान में वस्त्र नगरी कहा जाता है–
(अ) गंगानगर (ब) जयपुर (स) भीलवाड़ा (द) अजमेर

97. भारत में सर्वाधिक कपास का उत्पादन होता है–
(अ) गुजरात में (ब) महाराष्ट्र में
(स) पंजाब में (द) राजस्थान में

98. भारत की सूत्री वस्त्रों की राजधानी कहते हैं–
(अ) अहमदाबाद को (ब) मुम्बई को
(स) कानपुर को (द) भीलवाडा को

99. भारत में सबसे अधिक चाय का उत्पादन होता है–
(अ) केरल में (ब) असम में
(स) उत्तर प्रदेश में (द) तमिलनाडु में

100. राजस्थान का अन्न भण्डार कहा जाता है–
(अ) गंगानगर को (ब) जयपुर को
(स) भीलवाड़ा को (द) अजमेर को

**खण्ड – अ**

1. रेटजेल की पुस्तक का नाम लिखिए।
2. किस भूगोलवेता को आधुनिक मानव भूगोल का संस्थापक कहा जाता है।
3. हंटिंगटन ने मानव भूगोल के अध्ययन क्षेत्र को किन दो वर्गों में बांटा है।
4. नव–नियतिवाद के पवर्तक कौन थे।
5. संभववाद में किसे अधिक प्रभावी माना गया है।
6. स्लेज क्या है।
7. क्रोस क्या है।
8. एस्किमो जनजाति द्वारा बोली जाने वाली भाषा का नाम लिखिए।
9. भीलों द्वारा मैदानी भागों में की जाने वाली झूंमिग कृषि को क्या कहा जाता है।
10. एस्किमों जनजाति की शीतकालीन आखेट की दो विधियां कौनसी हैं।
11. बुशमैन जनजाति का निवास क्षेत्र कहां स्थित है।
12. फाइरे–फाइरे क्या है–
13. एस्किमो जनजाति किस प्रजाति से सम्बन्धित है।
14. गोल गधेड़ो प्रथा क्या हैं।
15. तिमियाक क्या है।
16. विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौनसा हैं।
17. जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।
18. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं।
19. सागर तल से 500 मीटर तक की ऊंचाई के क्षेत्र में विश्व की कितनी प्रतिशत जनसंख्या निवास करती हैं।
20. विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप कौनसा हैं।
21. विश्व में एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले कितने देश है और कौन–कौन से है।
22. भारत में लिंगानुपात ज्ञात करने के लिए किस सूत्र का प्रयोग किया जाता है।
23. साक्षरता दर से क्या तात्पर्य है।
24. कार्यशील जनसंख्या के क्या आशय है।
25. शत–प्रतिशत साक्षरता वाले किन्हीं दो देशो के नाम लिखिए।
26. सर्वाधिक वृद्ध व्यक्ति प्रतिशत वाला महाद्वीप कौनसा है।
27. नगर किसे कहते हैं।
28. सन्नगर किसे कहते हैं।
29. भारत में सन्नगर का कोई उदाहरण बताइए।
30. प्रकीर्ण अधिवास कहां पाये जाते हैं।
31. ग्रामीण अधिवासों के किन्हीं दो प्रतिरूपों के नाम बताइए।
32. वृहत नगर (मेगोलोपोलिस) किसे कहते हैं।

33. पंचम व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले किन्हीं दो क्रिया–कलापों के नाम लिखिए।
34. परिवहन व संचार किस श्रेणी के व्यवसाय है।
35. आस्ट्रेलिया में शीतोष्ण कटिबन्धीय घास के मैदानो को किस नाम से जाना जाता है।
36. इन्डोनेशिया में स्थानांतरित कृषि को क्या कहा जाता है।
37. किन्हीं दो प्राथमिक व्यवसायों के नाम लिखिए।
38. चलवासी पशुचारण की दो विशेषताएं लिखिए।
39. जीवन निर्वारण कृषि के दो प्रकार कौनसे है।
40. द्वितीयक व्यवसाय के कोई उदाहरण लिखिए।
41. सूती वस्त्र उद्योग के लिए कैसी जलवायु आवश्यक है।
42. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले चार कारकों के नाम लिखिए।
43. रेशम मार्ग से क्या तात्पर्य है।
44. वनोत्पाद आधारित उद्योगों के कोई दो उदाहरण लिखिए।
45. सड़क निर्माण किस व्यवसाय से सम्बन्धित है।
46. अम्लीय वर्षा के कोई दो कारण लिखिए।
47. अंतर्राष्ट्रीय आजोन परत सुरक्षा दिवस कब मनाया जाता है।
48. ध्वनि प्रदूषण के कोई दो दुष्प्रभाव लिखिए।
49. पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से कौनसी परत रोकती है।
50. वायु प्रदूषण रोकने के कोई दो उपाय लिखिए।
51. वर्ष 2011 की जनगणना के अनसार जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बडा राज्य कौनसा है।
52. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या धनत्व कितना है।
53. भारत का क्षेत्रफल विश्व का कितना प्रतिशत है।
54. जनसंख्या वितरण को नियंत्रित करने वाले कोई दो कारक बताइए।
55. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत की जनसंख्या कितनी है।
56. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत का न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौनसा है।
57. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार नगरीय जनसंख्या का न्यूनतम प्रतिशत भारत के किस राज्य में है।
58. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत का लिंगानुपात कितना है।
59. भारत में न्यूनतम महिला साक्षरता किस राज्य में हैं।
60. भारत में सबसे कम साक्षरता दर किस राज्य में है।
61.
62. भारत में चावला उत्पादन में कौनसा राज्य प्रथम स्थान पर है।
63. कपास की फसल के लिए कितने दिन पाला रहित रहना आवश्यक है।
64. सर्वाधिक चाय उत्पादन वाला भारतीय राज्य कौनसा है।
65. खरीफ की कोई दो फसलों के नाम लिखिए।
66. कोई दो रेशेदार फसलों के नाम लिखिए।
67. भारतीय कृषि को मानसून का जुआ क्या कहां जाता है।
68. बन्दरगाह पर स्थित भारत का पहला इस्पात संयत्र कौनसा है।
69. भारत की ऊनी वस्त की पहली मिल की स्थापना कब व कहां की गई।
70. सूती वस्त्र उत्पादन के कारण भारत के किस शहर को पूर्व का बोस्टन कहा जाता है।?
71. देश में मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत कब की गई।
72. भारत का सिलिकॉन वैली किसे कहा जाता है।
73. दुर्गापुर इस्पात संयत्र भारत के किस राज्य में स्थित है।
74. टिस्को ( TISCO )का पूरा नाम लिखिए–
75. भारत में सर्वप्रथम रेल किन दो नगरों के बीच चलाई गई।
76. भारत में मैट्रो रेल की शुरूआत सर्वप्रथम किस शहर में हुई।
77. सीमा सड़क संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या है।
78. परिवहन का सबसे सस्ता साधन कौनसा है।
79. एशिया की सबसे बड़ी रेल प्रणाली किस देश की है।
80. उत्तर पश्चिम रेल मण्डल का मुख्यालय कहां है।
81. भारत में वायु परिवहन की शुरूआत कब व कहां हुई।
82. पुष्कर झील राजस्थान के कौनसे जिले में स्थित है।

83. नक्की झील कहां पर स्थित है।
84. राजस्थान में जल संग्रहण की कोई दो परम्परागत विधियों के नाम लिखिए।
85. राजस्थान में नहरों से सर्वाधिक सिंचाई किस जिले में होती है।
86. राजस्थान में तलाबों द्वारा सिंचाई में प्रथम स्थान किस जिले का है।
87. राजस्थान की कोई दो बहुद्देशीय परियोजनाओं के नाम लिखिए।
88. चम्बल परियोजना में किन दो राज्यों की हिस्सेदारी है।
89. राजस्थान में मकराना किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है।
90. राजस्थान में पहला सीमेन्ट कारखाना कहां स्थापित किया गया।
91. राजस्थान में उत्पादित कोई दो धात्विक खनिजों के नाम लिखिए।
92. राजस्थान में प्रथम सूत्री वस्त्र कारखाना की स्थापना कब व कहां हुई।
93. राजस्थान का भारत में जनसंख्या की दृष्टि से कौनसा स्थान है।
94. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार राजस्थान का जनसंख्या घनत्व किता है।
95. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार राजस्थान का लिंगानुपात कितना है।
96. राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या धनत्व किस जिले का व कितना है।
97. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार राजस्थान में शिशु लिंगानुपात कितना है।
98. राजस्थान की कोई चार जनजातियों के नाम लिखिए।
99. राजस्थान का सर्वाधिक साक्षर जिला कौनसा है।
100. राजस्थान में सबसे कम साक्षरता वाला जिला कौनसा है।

**खण्ड – ब प्रत्येक प्रश्न 2 अंक**

1. मानव भूगोल के विषय–क्षेत्रों के चार पहलुओं के नाम लिखो।
2. प्राचीन सभ्यताओं के प्रमुख केन्द्रों के नाम लिखो।
3. विश्व की प्रमुख जनजातियों के नाम लिखिए (कोई चार)
4. एस्किमो जनजाति के उपकरणों के नाम लिखिए।
5. गौंड जनजाति के आर्थिक क्रिया–कलापों को समझाइए।
6. विश्व के सघन जनसंख्या प्रदेशों के नाम लिखिए।
7. कृषि घनत्व किसे कहते हैं।
8. विश्व में कोई चार जनसंख्या विहीन क्षेत्रों के नाम लिखिए।
9. ग्रामीण अधिवासों के प्रकारों के नाम लिखिए।
10. ग्रामीण अधिवासों के प्रतिरूपों के नाम लिखिए।
11. ग्रामीण अधिवासों की समस्याएं लिखिए। (कोई चार)
12. प्राथमिक व्यवसायो के नाम लिखिए।
13. विश्व में मछली पकड़ने के प्रमुख क्षेत्रों के नाम लिखो।
14. स्थानांतरित कृषि की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)
15. ट्रक फार्मिंग पर टिप्पणी लिखिए।
16. कुटीर उद्योग क्या है।
17. चीन के प्रमुख लौह उत्पादक स्थानों के नाम लिखिए।
18. किन्हीं चार पर्यावरणीय समस्याओं के नाम लिखिए।
19. मृदा प्रदूषण के कारण लिखिए।
20. हरित गृह प्रभाव किसे कहते है।
21. हरित गृह प्रभाव के कारण लिखिए।
22. हरित गृह प्रभाव को कम करने के उपाय लिखो।
23. भारत में उच्च जनसंख्या घनत्व वाले राज्यों के नाम लिखिए।
24. जनसंख्या नियंत्रण के कोई चार उपाय लिखिए।
25. भारत में नगरीय जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखो।
26. भारत में औसत से अधिक लिंगानुपात वाले राज्यों के नाम लिखो।
27. भारत में साक्षरता को पभावित करने वाले चार कारकों के नाम लिखो।
28. भारतीय कृषि की चार समस्याएं लिखिए।
29. भारत में चावल उत्पादक क्षेत्रों के नाम लिखिए।
30. भारत में गन्ना उत्पादन की चार समस्याएं लिखिए।
31. भारत में कोयला क्षेत्रों के नजदीक स्थित लौह इस्पात केन्द्रों के नाम लिखिए।
32. भारत में इंजीनियरिंग उद्योग की कोई चार समस्याएं लिखिए।
33. भारत में सड़क परिवहन का महत्व लिखिए।
34. राजस्थान की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजनाओं के नाम लिखिए।
35. राजस्थान में सिंचाई के विकास हेतु चार सुझाव लिखिए।
36. राजस्थान को खनिजो का अजायबघर क्यों कहा जाता है।
37. राजस्थान में सहरिया जनजाति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो।
38. जनजातियों में पाई जाने वाली कोई चार विशेषताओं को लिखिए।
39. राजस्थान में औद्योगिक विकास के चार बाधक कारणों के नाम लिखिए।
40. राजस्थान में तांबा उत्पादन के स्थानों के नाम लिखिए।

## खण्ड – स प्रत्येक प्रश्न 3 अंक

1. आधुनिक काल में मानव भूगोल के विकास को समझाए।
2. बुशमैन जनजाति का निवास क्षेत्र बताइए।
3. एस्किमो जनजाति के आर्थिक क्रिया–कलापों को समझाइए।
4. भील जनजाति की समाज एवं संस्कृति को समझाइए।
5. जनसंख्या वितरण के तीन आर्थिक कारणों की विवेचना कीजिए।
6. एशियाई जनसमूह पर टिप्पणी लिखिए।
7. जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न तीन समस्याएं लिखिए।
8. जनसंख्या नियंत्रण के उपाय लिखिए।
9. प्रकीर्ण या एकाकी अधिवासों की विशेषताएं लिखिए।
10. नगरीय अधिवासों के प्रकार लिखिए।
11. नगरीय अधिवासों की समस्याएं बताइए।
12. तृतीयक व्यवसायों पर टिप्पणी लिखिए।
13. पशुपालन के मृख्य क्षेत्रों के नाम लिखिए।
14. वाणिज्यिक पशुचारण की विशेषताएं लिताखिए।
15. कृषि आधारित उद्योगों को समझाए।
16. सूती वस्त्र उद्योग पर टिप्पणी लिखिए।
17. वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय लिखो।
18. अम्लीय वर्षा के कारण लिखिए।
19. अम्लीय वर्षा के प्रभाव बताइए।
20. हरित गृह प्रभाव के दुष्परिणाम बताइए।
21. ओजोन क्षरण के कारण लिखिए।
22. ओजोन क्षरण के प्रभाव बताइए।
23. जनसंख्या वितरण में जलवायु के प्रभाव को समझाइए।
24. भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृति को समझाइए।
25. जनसंख्या वृद्धि के भारत में प्रभाव बताइए।
26. भारत में लिंगानुपात कम होने के कारण लिखिए।
27. भारत में गहन निर्वहन कृषि पर टिप्पणी लिए।
28. गेहूं उत्पादन के लिए अनुकूल भौगोलिक दशाएं लिखिए।
29. भारत में चाय का उत्पादन एवं वितरण समणइए।
30. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के वितरण पर टिप्पणी लिखिए।
31. भारत में परिवहन तन्त्र के विकास को प्रभावित करने वाले कारक लिखिए।
32. भारत में पाइप लाइन परिवहन पर टिप्पणी लिखिए।
33. राजस्थान में प्रमुख सिंचाई के साधनों को समझाइए।
34. राजस्थान में चम्बल परियोजना पर टिप्पणी लिखिए।
35. राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादन पर टिप्पणी लिखिए।
36. राजस्थान में कुटीर उद्योगों पर प्रकाश डालिए।
37. राजस्थान की जनंसख्या की कोई तीन विशेषताएं बताइए।
38. राजस्थान में मीणा जनजाति के समाजिक जीवन के बारे में समझाइए।
39. जनजातियों पर आधुनिकता के प्रभावों की विवेचना कीजिए।

## खण्ड – द
## ( Section- D )

1. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित स्थानों को दर्शाइए।
   (अ) विशाखापटनम (ब) मंगलौर (स) नई दिल्ली (द) पटना
2. दिए गए भारत के रेखा मानचितत्र में निम्नांकित लौह इस्पात उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए।
   (अ) बोकारो (ब) भिलाई (स) विजयनगर (द) सलेम
3. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए।
   (अ) भीलवाडा (ब) कानपुर (स) सूरत (द) कोयम्बटूर
4. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए।
   (अ) अहमदाबाद (ब) चेन्नई (स) पाली (द) सहारनपुर
5. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित हवाई अडडों को दशाईए–
   (अ) जयपुर (ब) श्रीनगर (स) नई दिल्ली (द) हैदराबाद
6. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित समुद्री पतनो को दशाईए–
   (अ) कांडला (ब) पारादीप (स) कोलकाता (द) एन्नौर
7. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित समुद्री पतनों को दर्शाइए–
   (अ) हल्दिया (ब) विशाखापटनम (स) मुम्बई (द) कोच्चि
8. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित स्थान दर्शाइए–
   (अ) आगरा (ब) पोरबन्दर (स) पुणे (द) जम्मू
9. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में भील व गौंड जनजाति के निवास क्षेत्र दर्शाइए–
10. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सीमेंट उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए–
   (अ) निम्बाहेड़ा (ब) सिन्दी (स) द्वारिका (द) डालमियापुर

## खण्ड – द
## ( Section- D )

1. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) हनुमानगढ (ब) अजमेर (स) डूंगरपुर (द) जैसलमेर
2. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) बीकानेर (ब) भरतपुर (स) बांसवाडा (द) अजमेर
3. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) बाडमेर (ब) करौली (स) नागौर (द) चित्तौडगढ
4. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) झुन्झुनू (ब) उदयपुर (स) जालौर (द) धौलपुर
5. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) सीकर (ब) जोधपुर (स) झालावाड (द) दौसा
6. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित सूती वस्त्र उत्पादन केन्द्रों को दर्शाइए–
   (अ) भीलवाडा (ब) पाली (स) श्रीगंगानगर (द) उदयपुर
7. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) श्रीगंगानगर (ब) जयपुर (स) राजसमंद (द) कोटा
8. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) बूंदी (ब) सिरोही (स) बीकानेर (द) झुन्झुनू
9. दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
   (अ) प्रतापगढ (ब) हनुमानगढ (स) टोंक (द) भरतपुर
10. दिए गए राजस्थान के मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
    (अ) जैसलमेर (ब) नागौर (स) कोटा (द) बांसवाडा

1. दिए गए विश्व मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) लांस एंजिल्स (ब) पर्थ (स) शंघाई (द) कराची
2. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) कालाहारी मरूस्थल (ब) कनाडा (स) जापान (द) ग्रीन लैण्ड
3. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) जोहांसबर्ग (ब) ओसाका (स) मुम्बई (द) पिट्सबर्ग
4. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) न्यूयार्क (ब) नई दिल्ली (स) टोक्यो (द) मास्को
5. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) सिडनी (ब) साओपोलो (स) बीजिंग (द) काहिरा
6. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित लौह इस्पात केन्द्रों को अंकित कीजिए–
(अ) शिकागो (ब) जमशेदपुर (स) मैग्नीटोगोसर्क (द) ग्लास्गो
7. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित लौह इस्पात केन्द्रों को अंकित कीजिए–
(अ) सार (ब) सान फ्रांसिस्को (स) पिट्सबर्ग (द) टोकियो
8. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानो को दर्शाइए–
(अ) चेन्नई (ब) डरबन (स) लंदन (द) पर्थ
9. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित लौह इस्पात केन्द्रों को अंकित कीजिए–
(अ) लॉस एंजिल्स (ब) मास्को (स) ओसाका (द) जोहांसबर्ग
10. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में एस्किमो तथा बुशमैन जनजाति के निवास क्षेत्र को दर्शाइए–

खण्ड – य

( Section- E )

1. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।
2. विश्व में जनसंख्या वृद्धि के कारणों की विवेचना कीजिए।
3. विश्व में जनसंख्या वृद्धि के कारण उत्पन्न समस्याओं तथा उनके समाधान लिखिए।
4. जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।
5. विश्व में जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारणों का वर्णन कीजिए।
6. एस्किमो जनजाति का वर्णन निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए–
   (1) निवास क्षेत्र (2) आर्थिक कार्यकलाप
7. बुशमैन जनजाति का वर्णन निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए–
   (1) निवास क्षेत्र (2) आर्थिक कार्यकलाप
8. जनसंख्या की आयु संरचना पर लेख लिखिए।
9. वायु प्रदूषण के कारण, उसके दुष्प्रभाव तथा वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु उपाय लिखिए।
10. हरित गृह प्रभाव के कारण, दुष्परिणाम तथा हरित गृह प्रभाव कम करने के उपाय लिखिए।
11. इंदिरा गांधी नहर परियोजना का वर्णन निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए–
    (1) प्रमुख चरण (2) प्रमुख शखा नहरें (3) लाभ
12. भारत में सूती वस्त्र उद्योग पर विस्तृत लेख लिखिए–
13. भारत में चीनी उद्योग पर विस्तृत लेख लिखिए–
14. भारत में एल्यूमिनियम उद्योग पर विस्तृत लेख लिखिए–
15. भारत में गेहूं की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करते हुए उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए–
16. भारत में चावल की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करते हुए उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए–
17. भारत में कपास की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करते हुए उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए–
18. राजस्थान के प्रमुख धात्विक खनिजों का वर्णन कीजिए–
19. राजस्थान में सीमेण्ट उद्योग का वर्णन कीजिए–
20. माही बजाज सागर परियोजना का वर्णन कीजिए–
21. राजस्थान की मीणा जनजाति का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए–
    (1) क्षेत्र (2) सामाजिक जीवन (3) अर्थव्यवस्था